जन जागृति एवं प्रशिक्षण

जैव विविधता कार्यशाला :-

वानिकी प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 23 जुलाई, 2015 को जैव विविधता सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन जयपुर जिले की लगभग 50 विद्यालयों के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं हेतु गैर सरकारी संस्थान के सहयोग से किया गया। इसका उद्घाटन बोर्ड अध्यक्ष श्री प्रमोद कुमार मेरकप द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। उनके द्वारा अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रत्येक स्कूल में जैव विविधता क्लब का गठन करने का आह्वान किया, जिसको सभी ने सराहा एवं सभी 50 विद्यालयों में जैव विविधता क्लब बनाये जाने का निर्णय लिया।

जैव विविधता चेतना कार्यशाला :-

18 अगस्त, 2015 को कट्स (CUTS) द्वारा रोटरी क्लब जयपुर में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से आये 200 से अधिक सहभागियों हेतु जैव विविधता चेतना कार्यशाला का आयोजन किया गया। बोर्ड के अध्यक्ष श्री पी.के. मेरकप इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उनके द्वारा राजस्थान के मरुक्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन में सभी सहभागियों को उनके द्वारा अहम् भूमिका निभाये जाने पर जोर दिया।

Scanned by CamScanner